## महत्वपूर्ण एवं खास

### तेंदुए ने किया महिला पर हमला

**गरियाबंद (आरएनएस)।** जिला मुख्यालय से पांच किलोमीटर दूर ग्राम के महिला के ऊपर तेंदुए के हमले में एक महिला के घायल होने से घायल महिला की जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।घटना के विषय मे मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चिखली गांव की महिला चुनिया बाई गांव से डेढ़ किलोमीटर दूर लकड़ी लेने जंगल गई थी इस दौरान पीछे से तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया और कंधे पर काट खाया महिला तेंदुए को देखते ही बेहोश हो गई और गिर पड़ी जिसके बाद आस के लोगों के चीखने चिल्लाने के कारण तेंदूआ भाग खड़ा हुआ। घायल महिला तथा उसके पुत्र का कहना है कि कुछ दिन पहले आसपास के मवेशियों पर भी तेंदुए ने हमला किया है किस्मत अच्छी थी तो तेंदुए से जान बच गई और घायल महिला को घर लाए और संजीवनी के माध्यम से जिला अस्पताल पहुचाया गया। घटना गरियाबंद वन परीक्षेत्र की है वन विभाग ने जहां प्राथमिक उपचार के लिए महिला को ?2000 की तात्कालिक सहायता राशि उपलब्ध कराई है वहीं एसडीओ मनोज चंद्राकर का कहना है कि अगर जरूरत पड़ी तो शाम को लोगों को जंगल में जाने के लिए मुनादी कराई जाएगी।

### मुख्यमंत्री को भेंट की गई गौ उत्पादों से बनी सामग्रियां

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में पटेल, कोटवार और होमगार्ड के आभार सम्मेलन और गौठान समितियों के पदाधिकारियों के प्रशिक्षण सह-सम्मेलन कार्यक्रम में प्रदेशभर की महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। इस मौके पर स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने उन्हें गौ-उत्पादों से बने सामग्रियां उपहार स्वरूप भेंट की। मुख्यमंत्री ने महिलाओं द्वारा गोबर से बनाई जा रही सामग्रियों की प्रशंसा की।

### घर के बाहर खड़ी कार में आग लगाई, दहशत में लोग

**कोरबा (आरएनएस)।** सिटी कोतवाली की पुरानी बस्ती में पिछली रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने घर के बाहर खड़ी इनोवा कार में आग लगा दी। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना की सूचना सिटी कोतवाली पुलिस को दे दी गई है। जानकारी के अनुसार शहर के कारोबारी अशरफ मेमन इनोवा कार उनके घर के सामने खड़ी की गई थी। बीती रात किसी व्यक्ति ने कार में आग लगा दी। कार में आग लगने की जानकारी होते ही फायर बिग्रेड को घटना की सूचना दी गई। इसके साथ ही कार में लगी आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया। फायर बिग्रेड के आने से पहले ही आसपास के लोगों ने आग पर काबू पा लिया। घटना की सूचना सिटी कोतवाली पुलिस को दी गई है। इस घटना के बाद पुरानी बस्ती में भय का वातावरण निर्मित हो गया है।

### आईपीएल मैचों में सट्टा खिला रहा बुकी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** आईपीएल मैच में ऑनलाइन सट्टा का संचालन कर रहे एक बुकी को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है तथा उसके पास से तीन मोबाईल फोन जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना डीडी नगर क्षेत्र के महादेव घाट के पास एक व्यक्ति द्वारा मोबाईल फ ोन में ऑनलाईन सट्टा संचालित किया जा रहा है। जिस पर एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट तथा थाना डीडी नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिए के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम दुर्गेश डहारे निवासी टिकरापारा का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसकी तलाशी लेने पर उसके पास रखे मोबाईल फोन को चेक करने पर मोबाईल फोन में आईडी के लेकर आईपीएल मैच में ऑनलाईन क्रिकेट सट्टा संचालित करना पाया गया। जिस पर सटोरिया दुर्गेश डाहरे को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 3 नग मोबाईल फ ोन जप्त कर उसके विरूद्ध छतीसगढ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 धारा 07 एवं 43, 66 आई.टी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# छत्तीसगढ़ काउंसिल आफ साइंस एंड टेक्नोलाजी और पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी रायपुर के तत्वाधान में दो दिवसीय आयोजन

- वैज्ञानिक सोच के बिना इंसान का आगे बढ़ पाना संभव नही : मुख्यमंत्री
- आज के इस दौर में हर व्यक्ति में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का होना बहुत जरूरी : बघेल
- नई समस्याओं को पुराने शोध के आधार पर खोजने से समाज को नहीं मिल पाएंगे नए शोध : मुख्यमंत्री
- 18वें छत्तीसगढ़ यंग साइंटिस्ट कांग्रेस 2023 के शुभारंभ समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री



**रायपुर (आरएनएस)।** बिना वैज्ञानिक सोच के इंसान आगे नहीं बढ़ सकता है, समय समय पर नई खोजों ने समाज को आज वर्तमान की इस स्थिति में पहुंचाया है । आज के इस दौर में हर व्यक्ति में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का होना बहुत जरूरी है। इस बारे में सबसे पहले पंडित जवाहर लाल नेहरू जी ने सोचा। आजादी के बाद उन्होंने भारत को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से लैस करने की मुहिम शुरू की। पंडित नेहरू जी की सोच थी कि जनप्रतिनिधि और वैज्ञानिक यदि तालमेल के साथ काम करें तो देश की हर समस्या का आसानी से हल हो सकता है।

ये बातें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी रायपुर के डीडीयू आडिटोरियम में आयोजित दो दिवसीय 18वें छत्तीसगढ़ यंग साइंटिस्ट कांग्रेस 2023 के शुभारंभ के अवसर देश भर से आए युवा वैज्ञानिकों से कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमने नेहरूजी की उसी सोच को आगे बढ़ाने का काम किया है। हमने नागरिकों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण जगाने के लिए कदम उठाए हैं, साथ ही हर क्षेत्र में वैज्ञानिक नवाचारों को अपनी योजनाओं और कार्यक्रमों में शामिल किया है।

युवा वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आप में से बहुत से युवा ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं। आप लोग गांव की समस्याओं को और जरूरतों को बहुत अच्छी तरह समझते हैं। उन्होंने कहा कि आपकी प्रतिभा और ग्रामीणों के परंपरागत अनुभवों के मेल से देश में एक नये युग की शुरुआत हो सकती है। हम उस युग में प्रवेश कर सकते हैं, जिसका सपना महात्मा गांधी देखा करते थे। ग्रामीण भारत और ग्राम स्वराज का सपना हम साकार कर सकते हैं।

युवा वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें मौसम में हो रहे परिवर्तन को नियंत्रित करने की दिशा में शोध तेज करना होगा या फिर इस परिवर्तन के अनुकूल विकल्पों की तलाश करनी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि हम संसाधनों का सही से इस्तेमाल न करें तो इसका दुरूपयोग भी होता है जिससे हमें बचकर रहना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समस्याओं को पुराने शोध के आधार पर खोजने से नए शोध समाज में नहीं आएंगे इसलिए शोध के नए नए तरीके युवा वैज्ञानिकों को सोचना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने युवा वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए कहा कि जो व्यक्ति सवाल नहीं करता और समाधान नहीं खोजता वो समाज में पीछे रह जाता है। यदि नेहरू जी आधारभूत संरचनाएं निर्मित नहीं करते तो हम भी अपने पड़ोसी देशों की तरह पिछड़े होते लेकिन आज हम दुनिया से आंख में आंख मिलाकर बात कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में जब टीवी की बात हुई तो लोग हंसते थे, फिर मोबाइल के बारे में भी ऐसा ही था। लेकिन आज वैज्ञानिक सोच की वजह से मोबाइल में ही लोग टीवी देख रहे हैं, पहले मौसम वैज्ञानिक से जानकारी लेनी पड़ती थी, आज मोबाइल में ही सब कुछ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार दुनिया की पहली सरकार है जो गोबर खरीद रही है। अब गोबर से वर्मी कंपोस्ट बन रहा है। हम पराली को जला नहीं रहे गौठानों में पहुंचा रहे हैं और जितना हम धरती से ले रहे हैं उतना हम धरती को वापस करने की कोशिश भी कर रहे हैं। प्रकृति ने छत्तीसगढ़ में हमें बहुत कुछ दिया है, इसका इस्तेमाल कर हम रोजगार भी उत्पन्न कर रहे हैं।

## सोमवार को मुख्यालय में उपस्थित रहे जिला स्तरीय अधिकारी -कलेक्टर

- शासन द्वारा निर्धारित कार्यालयीन समय में उपस्थित रहकर निपटाये कार्य
- अधिकारी-कर्मचारियों को मुख्यालय में रहने के कलेक्टर ने दिए निर्देश
- निर्देश के उल्लंघन पर होगी अनुशासनात्मक कार्यवाही
- कलेक्टर सिन्हा ने जारी किया पत्र

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने जिले में पदस्थ सभी अधिकारियों को सप्ताह के प्रथम दिन यानि सोमवार को अपने कार्यालय अथवा मुख्यालय में निर्धारित समयावधि में उपस्थित रहने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि प्रति सप्ताह सोमवार को जनचौपाल का आयोजन होता है, जिसमें जिले के कई इलाकों से ग्रामीण अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन लेकर कलेक्टर कार्यालय आते है। ऐसी अवस्था में संबंधित विभाग के अधिकारी का मुख्यालय में उपस्थित न रहने के कारण उन्हें अनावश्यक भटकना पड़ता है, जो कि अत्यंत खेदजनक है। उन्होंने कहा कि विशेष परिस्थितियों में अगर सोमवार को कार्यालय अथवा मुख्यालय से बाहर जाना पड़ रहा है तो संबंधित अधिकारी कलेक्टर के बिना अनुमति अवकाश पर नहीं जायेंगे।

कलेक्टर सिन्हा ने जिले में पदस्थ सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को अपने प्रभार के पदस्थापना स्थल अथवा निर्धारित मुख्यालय में ही रहने एवं कार्यालयीन समय प्रात:10 से शाम 5.30 बजे तक कार्य संपादित करने के निर्देश दिए है। प्राय:संज्ञान में यह बातें सामने आती है कि संबंधित अधिकारी-कर्मचारी अपने मुख्यालय में न रहकर आना-जाना करते है। साथ ही निर्धारित समयावधि में कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते है। उन्होंने कहा कि जिसकी वजह से कई बार शासकीय कार्य प्रभावित होता है। इस संबंध में शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किए गए है कि अधिकारी-कर्मचारी अपने मुख्यालय में निवास करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा जारी निर्देशों का उल्लंघन करना न सिर्फ शासकीय सेवकों के आचरण नियमों के विपरीत है बल्कि अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों में अनुशासनहीनता को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने जिले में पदस्थ सभी अधिकारी-कर्मचारियों को शासन द्वारा निर्धारित टाईम शेड्यूल का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए है। अन्यथा संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही होगी।

कलेक्टर सिन्हा ने अनुविभाग, तहसील एवं विकासखण्ड स्तर में पदस्थ अधिकारियों को उनके द्वारा लिए जाने वाले साप्ताहिक बैठकों को सीमित समय में आयोजित करने के निर्देश दिए। ताकि विभागीय कार्य प्रभावित न हो और जनसामान्य को भी किसी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े। इसी तरह मैदानी स्तर के अधिकारी-कर्मचारियों को समीक्षा बैठक में ऑनलाईन/व्ही.सी.के माध्यम से बैठक में शामिल करायें।

## बारिश और ओलावृष्टि से किसानों को हुआ काफी नुकसान

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले में पिछले एक सप्ताह से मौसम के तेवर कुछ अलग है। नमी होने से लोगों को सहूलियत हुई है लेकिन लगातार हो रही बारिश और ओलावृष्टी के कारण किसानों को काफी नुकसान पहुंचा है। कोरबा ब्लॉक के ग्राम कुरुडीह में एक किसान के खेत में लगी इस सीजन की फसल पूरी तरह से खराब हो गई है जिससे उसे आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है। मौसम इन दिनों पूरी तरह से रंग बदल रहा है। बंगाल की खाड़ी में बनी नमी के कारण पिछले एक सप्ताह से रोजाना आंधी तुफान के साथ ही जमकर बारिश हो रही है। इस दौरान कई स्थानों पर ओलावृष्टी भी हुई है। मौसम के बदले हुए तेवर से निश्चित ही लोगों को गर्मी से राहत मिली है लेकिन यह स्थिती किसानों के लिए सही नहीं है और उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। पिछले कुछ दिनों से हुई बारिश के चलते ग्राम कुरुडीह में रहने वाले किसान को काफी नुकसान हुआ है। उसके खेतों में लगी फसल पूरी तरह से बबार्द हो गई है। किसान ने तरबूज,टमाटर, साहित कई सब्जियों की फसल लगा रखी थी जो पूरी तरह से बारिश की भेंट चढ़ गई। किसान ने बताया कि फसल के खराब होने से उसे काफी नुकसान हुआ है। बारिश के कारण जिस तरह से फसलों को नुकसान पहुंचा है उसका सीधा प्रभाव आम जनता की जेब पर पड़ेगा।

## स्वरोजगार योजनान्तर्गत आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्तियों को स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने एवं स्वरोजगार से जोडऩे हेतु छ.ग.शासन द्वारा अंत्योदय/ आदिवासी स्वरोजगार योजना संचालित की जा रही है। योजना में सेवा एवं व्यवसाय क्षेत्र, कृषि क्षेत्र एवं उद्योग क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के व्यवसाय संचालित करने हेतु 20 हजार से एक लाख तक के ऋण आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के इच्छुक एवं पात्र व्यक्ति आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड एवं आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ कार्यालय कलेक्टर जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, रायगढ़ कक्ष क्रमांक 94 मे प्राप्त एवं जमा कर सकते है। आवेदन में कांट-छांट, ओव्हरराईटिंग इत्यादि स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

### योजना में पात्रता एवं शर्तें

इस योजना के लिए आवेदक को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग का होना जरूरी है। जाति एवं निवास प्रमाण-पत्र सरपंच/पार्षद एवं आय प्रमाण-पत्र पटवारी द्वारा जारी प्रस्तुत करना होगा। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय डेढ़ लाख से अधिक न हो। गरीबी रेखा सर्वे सूची में नाम हो, आवेदक का नाम राशन कार्ड में हो, आधार कार्ड, पेन कार्ड की छायाप्रति, पूर्व में किसी योजना में लाभ नहीं लिया हो का शपथ पत्र देना होगा। आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम तथा 50 वर्ष से अधिक न हो। योजना में बैंक द्वारा ऋण स्वीकृति पर 50 प्रतिशत या अधिकतम 10 हजार जो भी कम हो अनुदान का प्रावधान है।

## जातामाटी में हाथियों ने फिर उत्पात मचाते हुए तोड़े मकान

**कोरबा (आरएनएस)।** कटघोरा वन मंडल के केदई रेंज के कापा नवापारा व लालपुर सक्रिय 34 हाथियो के दल ने बीती रात फिर उत्पात मचाते हुए ग्राम जाता माटी में एक ग्रामीण महिला के घर को ढहा दिया। हाथियो के उत्पात लगातार जारी रहने से इलाके में दहशत का माहौल है। ग्रामीण हाथियो के डर से रतजगा कर रहे है। वन विभाग का अमला हाथियो को नियंत्रित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। लेकिन इसमें सफलता नही मिल पा रही है।



जानकारी के अनुसार हाथियो का दल शाम होने के बाद जातामाटी पहुंचा और यहां फुलकुंवर नामक महिला के घर को निशाना बनाते हुए बुरी तरह ढहा दिया । हाथियो द्वारा घर ढहाए जाने से फुलकुंवर का परिवार बेघर हो गया है। जिस समय हाथियो ने यहां हमला किया फुलकुंवर व उसका परिवार गहरी नींद में सो रहा था। हाथियो की चिंघाड़ व आहट सुनकर जागे और इसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। जातामाटी में हाथियों के पहुंचने और उत्पात मचाए जाने की सूचना मिलने पर रेंजर अभिषेक दूबे के निर्देश पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और उत्पात मचा रहे हाथियो को खदेडऩे की कार्रवाई की इस काम में कुछ ग्रामीणो की मदद भी ली गई। वन अमला एद्वारा खदेड़े जाने पर हाथियो ने जंगल का रूख किया । रात भर गांव में डटे वन अमले ने आज सुबह हाथियो द्वारा किए गए नुकसानी का आकलन किया और उसकी रिपोर्ट तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपी कल भी हाथियों ने यहां काफी उत्पात मचाया था। और 4 ग्रामीणों के घर को ढहा दिया था। हाथियों द्वारा लगातार उत्पात मचाए जाने व घर तोड़े जाने से इलाके में दहशत का माहौल है। ग्रामीण हाथियों के डर से रतजगा कर रहे है। उन्हे जानमाल सुरक्षा की चिंता सताए जा रही है। वहीं वन अमला लगातार हाथियो की निगरानी करने के साथ ही नियंत्रित करने का प्रयास कर रहा है। लेकिन इसमें सफलता नही मिल पा रही है।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत : आईआरसीटीसी चलाएगी भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन

- दक्षिण दर्शन शुभ यात्रा के लिए बिलासपुर रेलवे स्टेशन से 25 मई को रवाना होगी पहली ट्रेन



**रायपुर (आरएनएस)।** रेल मंत्रालय ने देश के विभिन्न भागों से भारत सरकार द्वारा परिकल्पित देखो अपना देश और एक भारत श्रेष्ठ भारत की पर्यटन अवधारणाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत गौरव पर्यटक ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। भारतीय रेल की इन थीम आधारित ट्रेनों की परिकल्पना घरेलू पर्यटकों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत से अवगत कराने हेतु की गई है। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में ज्वाइंट जनरल मैनेजर साउथ सेंट्रल जोन किशोर सत्या ने दी। सत्या ने पत्रकारवार्ता में बताया कि छत्तीसगढ़ एवम महाराष्ट्र के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड (आई. आर.सी.टी.सी.) द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। 25 मई को बिलासपुर शहर से दक्षिण दर्शन शुभ यात्रा के लिए रवाना होगी। यह ट्रैन छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, भाटापारा, तिल्दा नोरा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगाव एवं महाराष्ट्र के गोंदिया, तिरोरा, भंडारा रोड, नागपुर, सेवाग्राम, बल्लारशाह स्टेशनों से होते हुए जाएगी, जहाँ से यात्री इस ट्रैन पर सवार हो सकेंगे। 07 रातें/08 दिनों की इस यात्रा में रामेश्वरम, मदुरई, तिरुपति एवं श्रीसैलम - मल्लिकर्जुना ज्योतिलिंग के मंदिरों एवं दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा। इसके लिए यात्रियों को महज रु. 15,500/- प्रति व्यक्ति का खर्च उठाना होगा। ऑनलाइन बुकिंग प्रारंभ हो गई है।

आईआरसीटीसी, इस सर्व समावेशी टूर की पेशकश कर रहा है, जिसमें भारत गौरव ट्रेन के विशेष एलएचबी रेक में आरामदायक रेल यात्रा, ऑन-बोर्ड और ऑफ-बोर्ड भोजन, सडक़ परिवहन और गुणवत्तायुक्त बसों में दर्शनीय स्थलों की यात्रा, यात्रा कार्यक्रम के अनुसार आवास की व्यवस्था, यात्रा में टूर एस्कॉर्ट्स, यात्रा बीमा, ऑन-बोर्ड सुरक्षा और हाउसकीपिंग की सेवा शामिल है। कोविड नियमों का पालन होगा।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य तथा में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में जागरूक किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में एडमिशन की अंतिम तिथि 5 मई

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** राज्य के समस्त स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी तथा हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालयों में सत्र 2023-24 में विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए ऑनलाइन और आफलाइन आवेदन 05 मई 2023 तक किया जा सकता है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय (सेजेस) पोर्टल https://cgschool.in/Saems/SAEMSIndex.aspx में आनलाइन आवेदन और एडमिशन फार्म डाउनलोड कर सकते हैं।

संचालक लोक शिक्षण छत्तीसगढ़ ने राज्य के समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी तथा हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालयों में सत्र 2023-24 में विद्यार्थियों के प्रवेश प्रक्रिया के लिए समय निर्धारित किया है। प्रदेश में पूर्व सत्र में 247 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तथा 32 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय संचालित थे तथा सत्र 2023-24 में प्रदेश में नये 101 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय प्रारंभ किये जाने हेतु बजट में स्वीकृति की गई है। इन समस्त विद्यालयों में सत्र 2023-24 में छात्र-छात्राओं के एडमिशन हेतु समय निर्धारित की है। अधिक आवेदन की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से सीट आवंटन 05 मई से 10 मई 2023 तक किया जाएगा। एडमिशन की अन्य आवश्यक कार्यवाही 11 मई से 15 मई 2023 तक किया जाएगा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में कक्षा पहली में प्रवेश हेतु विद्यार्थी की आयु 31 मई 2023 की स्थिति में 5 वर्ष से 6 वर्ष 6 माह के मध्य होनी चाहिये।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम विद्यालय में एडमिशन हेतु सामान्य निर्देश निम्नानुसार है :- विद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदन ऑनलाईन तथा ऑफलाइन दोनों माध्यमों से किया जा सकेगा। एक विद्यार्थी एक विद्यालय हेतु ही आवेदन कर सकेगा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में राज्य में पूर्व से चल रहे अंग्रेजी माध्यम के 152 प्राथमिक तथा 153 पूर्व माध्यमिक शालाओं के छात्र-छात्राओं को कक्षा 6वीं एवं कक्षा 9वीं में प्राथमिकता से एडमिशन दिया जाये। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घोषणा अनुसार 'महतारी दुलार योजना' अंतर्गत कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को विशेष प्राथमिकता से प्रवेश दिया जायेगा। एडमिशन हेतु आवेदन पत्र के साथ पालक का मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा। प्रत्येक कक्षा में रिक्त सीट का 50 प्रतिशत छात्राओं का चयन किया जायेगा। बालिकाओं की पर्याप्त संख्या नही मिलने पर बालकों से सीट भरी जा सकेगी। बीपीएल एवं आर्थिक रूप से कमजोर पालकों के बच्चों को कुल रिक्त सीट के 25 प्रतिशत सीटों के विरुध्द प्रवेश दिया जायेगा। पालको को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। कुल रिक्त पदों के 25 प्रतिशत सीटों पर आवेदक बच्चों का प्रवेश लॉटरी सिस्टम से होगा अर्थात कम्प्यूटर के माध्यम से रेंडमली चयन किया जायेगा। रिक्त सीट के विरुध्द अधिक पात्र आवेदक होने पर लॉटरी से चयन किया जायेगा।